लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, षष्ठी 3:24 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 3, अंक 364, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 14 नवंबर 2022

शानदार गेंदबाजी से दो दिन में यूपी की टीम ने जीता मुकाबला

कूच बिहार ट्राफी के लिए एसआरएमएस क्रिकेट मैदान में खेला गया उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच मैच, विराट जायसवाल बने मैन ऑफ द मैच

अमृत विचार बरेली

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्राफी के चार दिवसीय मैच में उत्तर प्रदेश की टीम ने महज दो दिन में ही नागालैंड को 110 रनों से पराजित कर दिया। पहली पारी में 116 रन बनाने के बाद 203 रनों से पिछड़ी नागालैंड की टीम फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में मात्र 93 रन पर पवेलियन लौट गई। उप्र की टीम ने नागालैंड को एक पारी और 110 रनों से पराजित किया। पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच खिलाड़ियों को आउट कर नागालैंड की बल्लेबाजी बिखेरने वाले विराट जायसवाल को मैन आफ द मैच चुना गया।

श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे दिन रविवार को नागालैंड की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 73 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसके विकेट जल्दी गिरते रहे और पूरी टीम पहली पारी में 45.5 ओवर में 116 रन पर पवेलियन लौट गई। इसमें कप्तान युगांधर ने 17, केनिजीटो रियो ने 26 और सैमुअल जैपुटो ने 15 रन बनाए। इन तीनों को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी दहाई तक नहीं पहुंच पाया। पहली पारी में 203 रन से पिछड़ने पर नागालैंड को उप्र ने फॉलोऑन दिया। नागालैंड की दूसरी पारी में उप्र के गेंदबाज विराट जायसवाल ने 24 रन खर्च कर पांच विकेट झटक कर नागालैंड की टीम को बिखेर दिया। रही सही कसर प्रशांत वीर और आसिफ अली ने 2-2 और नमन तिवारी ने एक विकेट लेकर पूरी कर दी। नागालैंड की पूरी टीम मात्र 93 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दोनों पारियों में उप्र के 319 रनों के मुकाबले 209 रन बना पाई। दूसरी पारी में भी नागालैंड के तीन खिलाड़ी कप्तान युगांधर (22 रन), सुजल प्रसाद (24 रन) और खिविलु (17 रन) ने रन बनाएं। इस जीत के साथ उप्र की टीम को सात अंक मिले और वह अपने ग्रुप में सबसे ऊपर पहुंच गया है। अब उप्र का मुकाबला राजस्थान की टीम से होगा। यह मैच 19 नवंबर से कोटा में खेला जाएगा। मुकाबले के दौरान सम्मान समारोह में सचिव आदित्य मूर्ति ने यूपीसीए और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया।

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार ट्राफी के लिए खेले गए मैच को जीतने के बाद अतिथियों के साथ विजेता टीम। • अमृत विचार

- दो दिन में ही समाप्त हुआ चार दिवसीय मैच
- नागालैंड ने दूसरी पारी में बनाए 63 रन, यूपी ने शनिवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 319 रन बनाए थे
- यूपी के 319 रन के जवाब में नागालैंड की टीम ने दोनों पारियों में 116 और 93 रन बनाए

पुरस्कार पाकर खिल उठे चेहरे

मैच समाप्त होने पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के संरक्षक व एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खान, सचिव सीताराम सक्सेना और आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ को सम्मानित किया। मैच में सर्वाधिक आठ विकेट लेने वाले उप्र के गेंदबाज विराट जायसवाल को मैन आफ द मैच दिया गया। खिलाड़ियों ने मैच को यादगार बताया।



बल्लेबाजी करता नागालैंड टीम का खिलाड़ी। • अमृत विचार

नागालैंड के कप्तान युगांधर ने कहा कि हम मैच जरूर हार गए, लेकिन उप्र जैसी शक्तिशाली टीम के खिलाफ खेलते हुए हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। आगे भी उप्र से मैच खेलना चाहेंगे। वहीं, मैच की व्यवस्था आयोजकों की ओर से बहुत बेहतर की गई थी। बरेली का मैदान भी हमारी टीम को अच्छा लगा।

उप्र के कप्तान आदर्श सिंह ने नागालैंड के खिलाड़ियों के क्रिकेट के प्रति समर्पण को सराहा और इस जीत को आगे बरकरार रखने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि हमने काफी अच्छा खेला और इसी की बदौलत हमें जीत हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि 2019 में उत्तर प्रदेश की टीम ने कूच बिहार ट्राफी जीती थी। ये साल भी हमको ये ट्राफी लेकर जाना है।

आदर्श सिंह।

मैन ऑफ द मैच विराट जायसवाल ने बताया कि वे इलाहाबाद के रहने वाले है। ये मुकाबला टीम को जिताने के लिहाज से खेला था। हमारी टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं गेंदबाजों के लिए पिच ने भी साथ दिया। पहली पारी में दो व दूसरी पारी में पांच विकेट लिए। हालांकि इस मैच से आत्मविश्वास बढ़ा।

विराट जायसवाल।